जयपुर। जयपुर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन क्लीन स्वीप' के तहत भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्मैक बेचते एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 8 ग्राम अवैध स्मैक और बिक्री के 1670 रुपए नकद बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करन शर्मा ने बताया कि शहर में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (उत्तर-द्वितीय) बजरंग सिंह शेखावत और सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्री नगर सुरेंद्र सिंह के निर्देशन में भट्टा बस्ती थाना प्रभारी दीपक त्यागी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।

बीएमडब्ल्यू कार पलटने से शकुन ग्रुप के एमडी वल्लभ माहेश्वरी की मौत

जयपुर/अलवर। अलवर जिले के रैणी थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर रविवार शाम बीएमडब्ल्यू कार पलटने से शकुन ग्रुप के एमडी वल्लभ माहेश्वरी (62) की मौत हो गई, जबकि चालक घायल हो गया। माहेश्वरी जयपुर से गिरिराजजी (मथुरा) जा रहे थे।

पुलिस के अनुसार हादसा रविवार शाम करीब 4 बजे एक्सप्रेस-वे के चेनेज 136.8 के पास हुआ। तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई और बैरिकेड्स तोड़ते हुए मीडियन में घुसकर पुलिया की दीवार से जा टकराई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और सीमेंट के ब्लॉक तोड़ते हुए मीडियन पर अटक गई। हादसे के बाद राहगीरों और पुलिस ने दोनों को बाहर निकालकर पिनान अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अलवर के हरीश हॉस्पिटल रैफर किया गया। जहां डॉक्टरों ने वल्लभ माहेश्वरी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार कार चालक को मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद माहेश्वरी के शव को एंबुलेंस से जयपुर लाया गया है। वल्लभ माहेश्वरी शकुन ग्रुप की कई कंपनियों में डायरेक्टर थे।

वल्लभ माहेश्वरी

- अलवर जिले के रैणी थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर रविवार शाम हुआ हादसा

महिला सशक्तिकरण से राजस्थान बनेगा अग्रणी राज्य : जोगाराम पटेल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला स्तरीय समारोह का हुआ आयोजन

जयपुर (कासं)। नारी ही प्रगति की धुरी और महिला सशक्तिकरण से राजस्थान देश का अग्रणी राज्य बनेगा। यह कहना है जयपुर जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल का। पटेल ने हरीश चंद्र माथुर राज्य लोक प्रशासन संस्थान के भगवत सिंह सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षिणक रूप से सशक्त तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर महिला ही सही अर्थों में राजस्थान को देश में अग्रणी राज्य बना सकती है।

जोगाराम पटेल ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर आगे बढ़ना चाहिए और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। प्रभारी मंत्री ने इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा समाज हित में किए जा रहे त्याग और समर्पण को भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रतिदिन 2 से 5 किलोमीटर तक पैदल चलकर छह वर्ष से कम आयु के बच्चों की मां के समान देखभाल करती हैं तथा किशोरियों और धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखती हैं। उनका यह समर्पण समाज के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को सशक्त नारी, सशस्त्र राजस्थान थीम पर जिला प्रशासन जयपुर एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रमुख रमा देवी चौपड़ा ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रमा देवी चौपड़ा ने कहा कि हमारे राष्ट्र की प्रमुख द्रौपदी मुर्मू एक आदिवासी महिला हैं। उन्होंने कहा कि घर को स्वर्ग बनाने वाली भी मातृशक्ति ही है और आज महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश और प्रदेश को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर रही हैं। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों की प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (उत्तर) जयपुर मुकेश कुमार मूंड, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक राजेश डोगीवाल तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक पार्थवी शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और महिलाओं के हित में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों की प्रतिनिधि उपस्थित रहीं।

जयपुर जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला प्रशासन की ओर से आयोजित समारोह में महिलाकर्मियों को पुरस्कृत किया।

मूर्तिकार महावीर भारती का सम्मान

जयपुर। स्वदेशी जागरण मंच, जयपुर प्रांत की ओर से आयोजित राष्ट्रीय परिषद की बैठक में विशेष उद्यमी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में उन प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने न केवल आर्थिक प्रगति की, बल्कि समाज में स्वावलंबन और स्वरोजगार के नए मानक स्थापित किए हैं। इसी कड़ी में, भारती शिल्पकला के निदेशक और देश के प्रतिष्ठित मूर्तिकार महावीर भारती को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए उद्यमी सम्मान से नवाजा गया।

सम्मान ग्रहण करते हुए महावीर भारती ने कहा कि मूर्तिकला केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए इतिहास को सुरक्षित रखने का माध्यम है।

उन्होंने अब तक 100 से अधिक कला कर्मियों को प्रशिक्षित कर उन्हें कुशल शिल्पी बनाया है, जिससे मूर्तिकला के क्षेत्र में रोजगार के नए द्वार खुले हैं। अष्टधातु, पंचधातु, पीतल, कांस्य और फाइबर ग्लास जैसे माध्यमों में उनकी निपुणता ने युवाओं के लिए इस क्षेत्र को एक सम्मानजनक करियर के रूप में प्रस्तुत किया है।

महिला दिवस पर पुलिस ने निकाला जयपुर में फ्लैग मार्च

जयपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जयपुर पुलिस की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने शहर में फ्लैग मार्च निकालकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा व कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। अभियान के तहत विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, स्कूल-कॉलेजों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर योगेश दाधीच के निर्देशन में महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की टीम ने शैक्षिणक संस्थानों, गर्ल्स हॉस्टल, मॉल, पार्क और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं और बालिकाओं को छेड़छाड़ व उत्पीड़न से बचाव के लिए कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी।

इस अभियान के दौरान विभिन्न बस स्टैंड, पार्क और सार्वजनिक स्थानों पर राजकॉप सिटीजन ऐप के क्यूआर कोड स्टिकर लगाकर करीब 1 हजार 705 महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही कई स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर 7951 छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। पुलिस ने महिलाओं को 'नीड हेल्प' फीचर के साथ राजकोप सिटीजन ऐप डाउनलोड करने की जानकारी भी दी। इसके अलावा हेल्पलाइन के नंबर मोबाइल में सेव रखने की सलाह देते हुए किसी भी आपात स्थिति में तुरंत संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जयपुर पुलिस की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने शहर में फ्लैग मार्च निकालकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा व कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

चूरू में मुख्यमंत्री भजनलाल ने वीरांगनाओं और पूर्व सैनिकों का सम्मान किया

सप्त शक्ति कमान की रणबांकुरा डिवीजन द्वारा गौरव सेनानी समारोह का आयोजन हुआ

चूरू/जयपुर। चूरू जिला मुख्यालय पर सप्त शक्ति कमान की रणबांकुरा डिवीजन द्वारा रविवार को जिला स्टेडियम में गौरव सेनानी समारोह का आयोजन किया गया। आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्र सेवा में राजस्थान के वीरों की अग्रणी भूमिका रही है। यहां गांवों में कोई न कोई ऐसा परिवार है जिसने सेना की वर्दी पहनी है। उन्होंने कहा कि सैनिक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, वे आजीवन राष्ट्र हित और समाजहित के लिए निरन्तर कार्य करते हैं। उनका त्याग और बलिदान से पूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को चूरू के जिला खेल स्टेडियम में आयोजित गौरव सेनानी समारोह को संबोधित कर रहे थे।

गौरव सेनानी सम्मान समारोह में सीएम भजनलाल शर्मा ने पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया।

- **अब जिला खेल स्टेडियम सगत सिंह स्टेडियम के नाम से जाना जायेगा : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा**

उन्होंने कहा कि चूरू और शेखावाटी की धरती ने देश प्रेम के भाव को सदैव जीवंत रखा है। परमवीर चक्र विजेता पीरू सिंह, मेजर शैतान सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ जैसे वीर सपूतों ने राजस्थान का गौरव बढ़ाया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चूरू के जिला खेल स्टेडियम का नाम 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अद्भुत साहस का प्रदर्शन करने वाले लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ के नाम पर रखे जाने की घोषणा भी की।

समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान के वीरों ने हमेशा अग्रणी भूमिका निभायी है। सबसे लम्बी अंतर्राष्ट्रीय सीमा राजस्थान से लगती है। यहां का हर नागरिक सेना के प्रति समर्पण की भावना रखता है। परमवीर चक्र विजेता पीरू सिंह, मेजर शैतान सिंह व सगतसिंह का नाम इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। देश की आजादी से पहले ही चूरू के धर्मस्तूप पर यहां के वीरों ने तिरंगा फहराकर आजादी के आंदोलन में रोशन किया था। उन्होंने कहा कि अब नया भारत आत्मनिर्भर भारत बना है। उन्होंने महिला दिवस पर वीर नारियों व वीरांगनाओं को शुभकामनाएं दी।

आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने बताया कि समारोह में 7 हजार पूर्व सैनिक, वीर नारी व वीरांगनाओं ने भाग लिया। समारोह में पूर्व सैनिकों से प्राप्त 1700 समस्याओं का शत प्रतिशत समाधान किया गया। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों को देश का अतीत बताते हुए कहा कि देश की नींव इन्हीं के पसीने से रखी गई है। ऑपरेशन सिंदूर में भी इनका अमूल्य योगदान रहा है। देश की सेना में राजस्थान का 10 प्रतिशत सैनिकों का योगदान है। चूरू के 89 वीर सपूतों ने अपनी जान की आहुतियां दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों को विभिन्न सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए एकीकृत सैनिक कल्याण कॉम्पलेक्स का चरणबद्ध निर्माण कर रही है। प्रथम चरण में 36 करोड़ रुपये की लागत से जोधपुर, टोंक, शेरगढ़ और झुंझुनूं में इन कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जोधपुर में मेजर शैतान सिंह कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र और झुंझुनूं में 'वॉर म्यूजियम' की स्थापना भी की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सैनिक और उनके परिवारों को सुविधाएं एवं सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। आरटीडीसी के होटलों और गेस्ट हाउसों में वीरांगनाओं को 50 प्रतिशत और सेवारत एवं पूर्व सैनिकों को 25 प्रतिशत की छूट देने के साथ ही, नवीन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय भी खोले जा रहे हैं। विभिन्न विभागों में रेक्सको के माध्यम से नियोजित पूर्व सैनिकों के मानदेय में पिछले 2 साल में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। वहीं, द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों को मिलने वाली पेंशन 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपये प्रतिमाह की गई है।

सप्तशक्ति कमान के सेना कमाण्डर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने कहा कि फौजी कभी अकेला नहीं रहता, इसी उद्देश्य को लेकर गौरव सैनानी समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह समारोह आपसी जुड़ाव और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एक्स सर्विसमैन सैकण्ड लाइन ऑफ डिफेंस के रूप में कार्य करते हैं।

इस अवसर पर समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने वीर नारियों, वीरांगनाओं और भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया। सीएम शर्मा ने शिविरों का अवलोकन किया और पूर्व सैनिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, विधायक हरलाल सहारण, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, संतोष मेघवाल, वासुदेव चावला सहित अनेक भाजपा नेता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

उदयपुर में तीन भालुओं ने किसान पर हमला किया, हालत गंभीर

तीन दिन में दूसरा हमला, खेत में रखवाली करने जा रहा था किसान

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर के सायरा थाना क्षेत्र में जंगली भालुओं का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार की सुबह एक और किसान इन खूंखार जानवरों के हमले का शिकार हो गया। भालुओं ने किसान के सिर,चेहरे और पैरों को बुरी तरह से नोच डाला जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल है।

- **भालुओं ने किसान के सिर, चेहरे और पैरों को बुरी तरह से नोच डाला**
- **ग्रामीणों के एकत्र होकर चिल्लाने पर तीनों भालू जंगल की ओर भाग गए**

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब 8 बजे करदा क्षेत्र के नोतल की भागल गांव की है। किसान पेमाराम गमेती अपने खेत पर फसल की रखवाली करने जा रहे थे। इसी दौरान अचानक झाड़ियों से निकले तीन जंगली भालुओं के झुंड ने किसान पर हमला बोल दिया। भालुओं ने पेमाराम का शरीर बुरी तरह नोच डाला। घायल पेमाराम के चिल्लाने की आवाज सुनकर पास में मौजूद भेरूलाल सुथार मौके पर पहुंचे और शोर मचाया। ग्रामीणों के एकत्र होकर चिल्लाने पर तीनों भालू जंगल की ओर भाग गए। घायल पेमाराम को तुरंत गोगुंदा अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते उदयपुर एमबी हॉस्पिटल रेफर किया। तीन दिनों में यह दूसरा हमला है। इससे पहले शुक्रवार की रात रोयडा गांव में भी एक व्यक्ति पर भालुओं ने हमला कर दिया था। सूचना पर सायरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही वन विभाग के अधिकारी भरत मेघवाल भी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का मौका मुआयना किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों का फिलहाल जंगल या खेत पर अकेले नहीं जाने की सलाह दी है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात रोयडा गांव में भी भालुओं के झुंड ने प्रेम सिंह राजपूत पर हमला कर दिया था। ग्रामीणों का कहना है कि यह क्षेत्र कुंभलगढ़ अभयारण्य से सटा हुआ है जिसके चलते जंगली भालू अक्सर जंगल से निकलकर आबादी क्षेत्र में आ जाते हैं। लगातार हो रहे हमलों से इलाके के लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

अज्ञात जंगली जानवर ने हमला कर 160 मवेशियों को मारा

गंगापुर सिटी, (निसं)। सहजपुर गांव में शनिवार रात एक अज्ञात जंगली जानवर के हमले में लगभग 160 भेड़ों (मवेशी) की मौत हो गई। यह घटना खूंटला सलोना ग्राम पंचायत क्षेत्र में हुई, जिससे पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

पशुपालक बनवारी बैंसला और भीम सिंह गुर्जर के बाड़े में घुसकर जंगली जानवर ने इन भेड़ों को निशाना बनाया। ग्रामीणों के अनुसार, पशुपालन ही इन परिवारों की आजीविका का मुख्य स्रोत है और इस घटना से उन्हें गंभीर आर्थिक क्षति हुई है। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और प्रशासन से शीघ्र उचित सहायता राशि उपलब्ध कराने की मांग की। गुर्जर ने कलेक्टर से फोन पर बात कर मामले में त्वरित कार्रवाई का आग्रह भी किया। मानसिंह गुर्जर ने वन विभाग से भी इस घटना की गहन जांच करने और क्षेत्र में जंगली जानवरों की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने की अपील की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने भी प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल राहत प्रदान करने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की। उनका कहना था कि पशुधन किसानों की आजीविका का एक महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए ऐसे मामलों में त्वरित सहायता और ठोस कदम उठाना आवश्यक है।

टोंक में दो पक्षों की कहासुनी के बाद पुलिस ने ड्रोन सर्वे किया

टोंक, (निसं)। पुरानी टोक क्षेत्र में हुई दो पक्षों की कहासुनी के बाद शहर में रविवार को पुलिस एक्शन मोड में नजर आई। पुलिस ने घटना के बाद ड्रोन सर्वे किया, जिसमें ऐसे घरों को चिन्हित किया गया, जहां पत्थर रखे गए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सभी 20 मकान मालिकों को नोटिस देकर तीन दिन में छतों से पत्थर हटाने के निर्देश दिए, साथ ही ऐसा नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी।

- **सर्वे में ऐसे घरों को चिन्हित किया, जहां पत्थर रखे गए थे**

पुरानी टोक क्षेत्र में पुलिस ने घटना के बाद ड्रोन सर्वे किया।

जानकारी के अनुसार गत छह मार्च की देर रात देशवाली मोहल्ले में कहासुनी के बाद दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। इस दौरान एक पक्ष के लोगों ने वाल्मीकि बस्ती पर पथराव किया था। वहीं दूसरे पक्ष का आरोप है कि पथराव उनकी ओर से हुआ था। हालांकि इसमें किसी को गंभीर चोट नहीं आई थी, लेकिन माहौल तनावपूर्ण हो गया था। पुलिस ने मामले में 15 लोगों से पूछताछ की है।

पुरानी टोंक थाना प्रभारी नेमीचंद ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां कुछ लोगों ने पुलिस पर भी पथराव किया था। फिलहाल मामले में आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी के अनुसार रविवार को दो घंटे देशवाली मोहल्ला, वाल्मिकी मोहल्ला, निवाई दरवाजा समेत आसपास के मकानों पर ड्रोन उड़ाकर सर्वे किया गया। ड्रोन के फुटेज देखे तो उसमें 20 मकानों पर पत्थर, ईंटों के टुकड़े दिखाई दिए हैं। इसे पुलिस सभी बीस मकान मालिकों को चिन्हित कर तीन दिन में ये आपत्तिजनक सामग्री खाली करने के नोटिस दिए हैं। क्षेत्र में पुलिस जाब्ता तैनात है और निगरानी रखी जा रही है।

लूट की वारदात का खुलासा

बांसवाड़ा, (निसं)। पुलिस थाना आंबापुरा ने क्षेत्र में राह चलती महिला से सोने का टिक्का झपटने की वारदात का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर सोने का टिक्का बरामद किया। वहीं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की।

थानाधिकारी निर्भय सिंह राणावत ने बताया कि 16 फरवरी को प्रार्थिया शीला पत्नी पिन्टू उर्फ प्रेमशंकर डिंडोर ने रिपोर्ट दी थी। जिस पर प्रकरण दर्ज कर एएसआई पारचंद ने अनुसंधान प्रारंभ किया। थानाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गयी। इस टीम ने संतोष पुत्र प्रभु दामा निवासी खड़देव केसरपुरा थाना आंबापुरा संदिग्ध होना पाया गया। थानाधिकारी राणावत ने बताया कि आरोपी संतोष घटना के बाद से घर से फरार चल रहा था। जिसके होली के त्यौहार पर उसके ससुराल गांव गदेड़ापाड़ा, पाड़ला थाना भूंगड़ा आने की जानकारी मिली थी।

एमडीएमए सहित एक गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के दौरान मकान पर दबिश देकर अवैध एमडीएमए बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज के निर्देश पर जिला पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अम्बामाता थानाधिकारी मय टीम ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर "ऑपरेशन त्रिनेत्र" अभियान के तहत मकान पर दबिश देकर 489 ग्राम अवैध एमडीएमए जब्त कर फरहान पुत्र अयाज मोहम्मद अंसारी निवासी गांधीनगर को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। फरहान ने उक्त मादक पदार्थ प्रतापगढ़ जिले के अखेपुर निवासी फजल खान से खरीदना व शहर में अलग-अलग स्थानों पर बेचना स्वीकार किया है।

करंट से व्यक्ति की मौत

छबड़ा, (निसं)। कंकरवा गांव में कृषि कार्य के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। वही मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी अनुसार पप्पू गाडरी (47) निवासी कंकरवा शनिवार रात को अपने खेत पर कृषि कार्य कर रहा था। तभी वह अचानक अचेत हो गया। परिजन उसे तत्काल छबड़ा चिकित्सालय लाए। यहां डॉक्टरों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

नागौर में लोडिंग टेम्पो पलटा, शादी समारोह में जा रहे 15 लोग घायल

आवारा पशु को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा, प्राथमिक उपचार के बाद दो जनों को गंभीर हालत में रेफर किया

नागौर, (निसं)। नागौर जिले के बापोड़-बासनी रोड पर रविवार सुबह लोडिंग टेम्पू टैक्सी पलटने से 15 लोग घायल हो गए। सभी लोग शादी समारोह में शामिल होने के लिए बापोड़ से नागौर आ रहे थे। बासनी पुलिया से पहले अचानक सामने आए आवारा पशु को बचाने के प्रयास में टेंपो टैक्सी बेकाबू होकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद घायलों को एंबुलेंस और निजी वाहनों से हॉस्पिटल पहुंचाया गया। इनमें से 5 घायलों को बासनी अस्पताल ले जाया गया, जबकि 10 घायलों को नागौर के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

- **घायलों में 5 महिलाएं और कुछ बच्चे भी शामिल बताए जा रहे हैं**

हादसे में हुये गंभीर घायलों का अस्पताल में चिकित्सकों ने उपचार किया।

जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के पीएमओ डॉ. आर.के. अग्रवाल ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही हॉस्पिटल स्टाफ को अलर्ट मोड पर रखा गया था। घायलों को अस्पताल पहुंचते ही तुरंत इलाज शुरू कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार जवाहरलाल नेहरू अस्पताल लाए गए 10 घायलों में से 8 को प्राथमिक उपचार के बाद सामान्य वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। वहीं दो घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। घायलों में 5 महिलाएं और कुछ बच्चे भी शामिल बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार हादसे में घायल सभी लोग आपस में रिश्तेदार हैं। वे बापोड़ से नागौर स्थित सेवा भारती संस्थान में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। बासनी पुलिया से कुछ दूरी पहले अचानक सड़क पर आए आवारा पशु को बचाने के प्रयास में वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। इसके बाद पलटे हुए टेम्पो टैक्सी को सड़क से हटवाया गया ताकि यातायात सुचारु रूप से चल सके।

भीलवाड़ा में दो जगह अवैध अफीम की खेती पकड़ी, एक गिरफ्तार

भीलवाड़ा, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा जिले में मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत करेडा थाना पुलिस ने अवैध अफीम की खेती पकड़ी है। पुलिस ने ग्राम केमरी में एक खेत पर दबिश देकर 294 अफीम के पौधे और तैयार अफीम बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। ज़ब्त मादक पदार्थ की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 लाख 33 हजार रुपये बताई जा रही है।

थानाधिकारी पुरणमल ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु गठित विशेष टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम केमरी में अवैध रूप से अफीम की खेती की जा रही है। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाडा बुद्धराज व वृत्ताधिकारी आसीन्द ओमप्रकाश के सुपरविजन में टीम ने खेत पर अचानक दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 294 अफीम के पौधे बरामद किए, जिनका कुल वजन 16 किलो 300 ग्राम पाया गया। इसके साथ ही आरोपी के कब्जे से 103 ग्राम तैयार अफीम भी ज़ब्त की गई। पुलिस ने आरोपी श्याम लाल (40) पिता हेमाराम भील निवासी केमरी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से अफीम की सप्लाई और अन्य नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है।

गंगापुर थाना के गांव डेलाना में अवैध अफीम की खेती पकड़ी।

- **करेडा थाना पुलिस ने खेत पर दबिश देकर 294 अफीम के पौधे और तैयार अफीम बरामद की**
- **ग्राम डेलाना में भी गेहूं की फसल के बीच उगाई जा रही अवैध अफीम की खेती पकड़ी**

ग्राम डेलाना में गेहूं की फसल के बीच उगाई जा रही अवैध अफीम की खेती पकड़ी : वहीं भीलवाड़ा जिले के गंगापुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव डेलाना में दबिश देकर गेहूं की फसल के बीच उगाई जा रही अवैध अफीम की खेती पकड़ी है।

सीओ सदर आईपीएस माधव उपाध्याय के नेतृत्व में गठित विशेष टीम को पुख्ता जानकारी मिली थी कि डेलाना गांव में एक किसान ने अपने खेत में चालाकी से गेहूं की आड़ में अफीम बो रखी है। सूचना मिलते ही विशेष टीम और गंगापुर पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया और चिन्हित खेत पर छापेमारी की। जब पुलिस टीम खेत के बीच पहुंची, तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गई। गेहूं की ऊंची फसल के बीचों-बीच एक लंबी क्यारी में अफीम के सैंकड़ों पौधे लहलहा रहे थे। आरोपी ने पुलिस की नजरों से बचने के लिए अफीम को चारों तरफ से गेहूं की फसल से ढक रखा था।पुलिस ने सभी अवैध पौधों को उखाड़कर जब्त कर लिया है और उनका वजन व गिनती की जा रही है। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर खेत मालिक की भूमिका की जांच की जा रही है।

बाड़े से चार लाख के 31 मवेशी चोरी

पाटन, (निसं)। क्षेत्र की नई बस्ती मोहनपुरा में शनिवार रात चोरों ने एक बकरी पालक के बाड़े को निशाना बनाते हुए 31 बकरियां (मवेशी) चोरी कर ली। घटना का पता रविवार सुबह चला, जब बकरी पालक बाड़े पर पहुंचा और उसे खाली पाया। चोरी हुई बकरियों की कीमत करीब चार लाख रुपए आंकी गई है। घटना से पीड़ित परिवार की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है।

जानकारी के अनुसार नई बस्ती मोहनपुरा निवासी संदीप यादव पुत्र कानाराम पशुपालन का व्यवसाय करता है। उसने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि रविवार सुबह करीब छह बजे जब वह अपने बाड़े पर पहुंचा तो वहां से 14 बड़े बकरे, 8 बकरियां और 9 छोटे बच्चे गायब मिले। बाड़े का दरवाजा खुला मिला और अंदर एक भी बकरी नहीं मिली । सूचना मिलने पर पाटन पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस को बाड़े के पास वाहन के टायरों के निशान भी मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि चोर वाहन में बकरियों को भरकर ले गए । पुलिस गांव के मुख्य रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

कोटा स्टेशन पर लाखों के आभूषण, नकदी व सामान सहित एक गिरफ्तार

ऑपरेशन "यात्री सुरक्षा" के तहत रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने कार्रवाई की

कोटा, (निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन "यात्री सुरक्षा" के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने कोटा स्टेशन पर एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण तथा नकदी सहित 14 लाख 43 हजार 550 रुपये मूल्य का सामान बरामद किया गया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि कोटा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1-ए पर रेलवे सुरक्षा बल की टीम को एक संदिग्ध व्यक्ति पिट्ठू बैग के साथ दिखाई दिया। संदेह के आधार पर उससे पूछताछ की गई, जिसमें उसके बैग से एक संदिग्ध महिला पर्स बरामद हुआ। इसी दौरान रेलवे सुरक्षा बल चौकी पर लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन करते हुए यह सूचना राजकीय रेलवे पुलिस, कोटा के साथ साझा की गई। राजकीय रेलवे पुलिस, कोटा द्वारा बताया गया कि एक महिला पर्स चोरी के मामले में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान संदिग्ध व्यक्ति उक्त चोरी की घटना में शामिल पाया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कुलदीप सिंह (27), निवासी कोटा के रूप में हुई है। आरोपी के पास से लगभग 14,02,000 रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण तथा 41,550 रुपये नकद सहित कुल 14 लाख 43 हजार 550 रुपये की बरामदगी की गई। इस संबंध में राजकीय रेलवे पुलिस, कोटा ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आरोपी के विरुद्ध विभिन्न थानों में छीनाझपटी, चोरी तथा शस्त्र अधिनियम से संबंधित कई प्रकरण दर्ज हैं। इस कार्रवाई में रेलवे सुरक्षा बल, कोटा की टीम के निरीक्षक सुमित रघुवंशी, सहायक उपनिरीक्षक अंबेश कुमार गौतम, आरक्षक अवधेश शर्मा तथा आरक्षक मुकेश कुमार मीणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा के दौरान अपने सामान की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत रेलवे सुरक्षा बल अथवा संबंधित अधिकारियों को दें।

अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत : टोंक-सवाई माधोपुर नेशनल हाइवे-552 पर शनिवार को 60 साल की महिला का शव लहूलुहान हालत में मिला। जानकारी के अनुसार महिला शौच जाने के लिए घर से निकली थी। इस दौरान तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घटना के बाद महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा घास गांव के पास स्थित हॉस्पिटल के सामने बताया जा रहा है। टोंक सदर थानाधिकारी जयमल सिंह ने बताया कि सूचना पर पंहुची थाना टीम को मृत महिला रोड किनारे लहूलुहान हालत में पड़ी मिली, जिसे एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक महिला धापू देवी निवासी घांस जो शौच के लिए घर से निकली तो सड़क किनारे चलने के दौरान वे तेज गति से दौड़ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। धापू देवी के चार बेटे हैं, बड़ा बेटा लकवाग्रस्त है।

संपर्क पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई तो 20 वर्ष बाद आवंटी को मिला भूखंड़ का कब्जा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की राजस्थान संपर्क हैल्पलाइन आमजन के लिए वरदान साबित

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की राजस्थान संपर्क हैल्पलाइन 181 आमजन के लिए वरदान साबित हो रही है। जयपुर निवासी एक परिवार को इसी हैल्पलाइन की मदद से 20 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद भूखंड का भौतिक कब्जा मिला है। जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देशन में 20 वर्ष पुराने प्रकरण इस प्रकरण का समाधान हुआ है।

जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने बताया कि, आवेदक हरदेवाराम कालेर को वर्ष 2006 में भूखण्ड संख्या 264 (क्षेत्रफल 324 वर्गमीटर) आवंटित किया गया था। वर्ष 2007 में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा क्षेत्र की रि-प्लानिंग के दौरान उन्हें भूखण्ड संख्या 274

(क्षेत्रफल 324 वर्गमीटर) आवंटित करते हुए संशोधित साइट प्लान जारी किया गया। हालांकि रि-प्लानिंग के दौरान हुए ओवरलैपिंग के कारण आवंटी को पूर्ण क्षेत्रफल उपलब्ध नहीं हो पाया, ऐसे में भूखण्ड का भौतिक कब्जा नहीं दिया जा सका और प्रकरण लम्बे समय तक लंबित रहा। राजस्थान सम्पर्क-181 पोर्टल पर प्राप्त परिवाद के पश्चात् जेडीए के जोन कार्यालय तथा अभियांत्रिकी प्रकोष्ठ की संयुक्त टीम द्वारा स्थल का पुनः निरीक्षण किया गया। विस्तृत तकनीकी परीक्षण के उपरांत पाया गया कि भूखण्ड संख्या 270 से 273 की ओर से माप किए जाने पर भूखण्ड संख्या 274 को अनुमोदित मानचित्र के अनुसार पर्याप्त क्षेत्रफल उपलब्ध कराया जाना संभव है।

- **जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देशन में हुआ 20 वर्ष पुराने प्रकरण का समाधान**

इसके पश्चात आवेदक हरदेवाराम कालेर से फोन पर संपर्क कर उन्हें संशोधित कब्जा पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अवगत कराया गया। आवेदक द्वारा नागरिक सेवा केन्द्र के माध्यम से आवेदन करने पर जयपुर विकास प्राधिकरण ने मात्र 2 कार्य दिवस में संशोधित कब्जा पत्र जारी करते हुए 5 मार्च 2026 को भूखण्ड का भौतिक कब्जा सुपुर्द कर दिया। करीब दो दशकों के लंबे इंतजार के बाद भूखण्ड का कब्जा मिलने पर आवेदक हरदेवाराम ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा और जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन का आभार जताया है।

एम्बुलेंस में शव रखकर टूटी सड़क को लेकर किया विरोध-प्रदर्शन

चांदपोल बाजार स्थित बाबा हरिचंद्र मार्ग पर हंगामे के कारण करीब एक घंटे तक लगा भारी ट्रैफिक जाम

जयपुर। चांदपोल बाजार स्थित बाबा हरिचंद्र मार्ग पर खराब सड़क को लेकर पार्षद अरविंद मेठी ने अपने समर्थकों के साथ एम्बुलेंस में शव रखकर विरोध-प्रदर्शन किया और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने की धमकी दी। विरोध- प्रदर्शन की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन मौके पर पहुंचा और खराब सड़क को जल्द दुरुस्त करवाने का आश्वासन देकर विरोध-प्रदर्शन खत्म कराया।

वार्ड 101 के पार्षद अरविंद मेठी

- **पुलिस-प्रशासन के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी पार्षद व उनके समर्थक लौटे**

ने बताया कि विधायक प्रत्याशी चंद्रमोहन बटवाड़ा ने कई महीनों पहले सड़क निर्माण कार्य शुरु करवाने के लिए पुरानी सड़क तुडवा दी थी, लेकिन इसका निर्माण नहीं करवाया। जिसके चलते यहां के स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मेठी का आरोप है कि बाबा

चांदपोल बाजार स्थित बाबा हरिचंद्र मार्ग पर खराब सड़क को लेकर पार्षद अरविंद मेठी ने अपने समर्थकों के साथ एम्बुलेंस में शव रखकर विरोध-प्रदर्शन किया।

हरिश्चंद्र मार्ग पर रहने वाले अस्थमा के मरीज संदीप शर्मा (41) धूल मिट्टी से मौत हुई है। जिसका जिम्मेदार प्रशासन है। इंदिरा बाजार में शव रखने कर विरोध -प्रदर्शन के दौरान करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। जाम और विरोध प्रदर्शन की सूचना पर प्रशासन मौके पर पहुंचा। जिसके बाद आलाअधिकारियों ने खराब सड़क को जल्दी दुरुस्त करवाने का आश्वासन दिया और प्रदर्शन कारियों से शव को सड़क से हटाने की अपील की। प्रशासन की अपील के बाद दोनो पक्षों में सहमति बन गई।

101 बटुकों का उपनयन संस्कार

जयपुर। ब्राह्मण समाज राजस्थान की ओर से रविवार को कागलिया वाले बालाजी, मोरीजा रोड, चौमूं में भव्य सामूहिक उपनयन (जनेऊ) संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वैदिक रीति-रिवाजों और मंत्रोच्चार के बीच आयोजित इस समारोह में 101 बटुकों का उपनयन संस्कार संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में बडी संख्या में समाज के गणमान्य लोग, अभिभावक और श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने की।

इस अवसर पर विद्वान आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान

- **वैदिक मंत्रों से गूंजा कागलिया वाले बालाजी परिसर**
- **ब्राह्मण समाज राजस्थान ने किया उपनयन कार्यक्रम**

से बटुकों को यज्ञोपवीत धारण कराया और उन्हें सनातन परंपराओं, संस्कारों तथा धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। पूरे परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा और उपस्थित लोगों ने इस आयोजन को समाज की संस्कृति और

चौमूं के नजदीक मोरीजा रोड पर कागलिया वाले बालाजी मंदिर में रविवार को उपनयन संस्कार कार्यक्रम आयोजित हुआ।

परंपराओं को मजबूत करने वाला बताया।

प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने कहा कि उपनयन संस्कार हिंदू संस्कृति का एक महत्वपूर्ण संस्कार है, जो बालक को शिक्षा, अनुशासन और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामूहिक आयोजन समाज में एकता और संस्कारों के संरक्षण का सशक्त माध्यम बनते हैं।

इस आयोजन के संयोजक भुवनेश तिवारी (जिला अध्यक्ष, जयपुर ग्रामीण) और सह-संयोजक बनवारी लाल शर्मा (जिला महामंत्री, जयपुर ग्रामीण) रहे। जिला कार्यकारिणी और समाज के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. शारदा शर्मा सहित समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और अन्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान समाज के लोगों ने वैदिक परंपराओं के संरक्षण और समाज के

बस्सी में भात भरने आए 16 रिश्तेदारों को तेज रफ्तार कार ने कुचला

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। जमवारामगढ से बस्सी आकर 16 लोगों को रिश्तेदारों का भात भरना भारी पड़ गया। डीजे की धुन पर नाचते -गाते समय एक तेज रफ्तार कार ने 16 लोगों को गंभीर रुप से घायल कर दिया। जिसके बाद भात की खुशियां चकनाचूर हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी 16 घायलों को बस्सी के प्राइवेट अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। हालांकि इस हादसे में किसी ने कोई मामला दर्ज नहीं कराया है।

पुलिस ने बताया कि शनिवार को जमवारामगढ से 50 लोग भात भरने के लिए बस्सी आए थे। एनडीपीसी मोड पर रात करीब 9 बजे भात भरने 50 लोग डीजे पर नाचते-गाते मालियों की ढाणी जा रहे थे। तभी डीजे के पीछे धीरे-धीरे चल रही ऑल्टो कार के चालक से ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दब गया। जिससे

- **डीजे पर नाचते गाते लोगों पर चढ़ी तेज रफ्तार कार, ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दबने से हुआ हादसा**
- **इस हादसे में सात लोग गंभीर घायल हो गए, जिन्हें सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया है**

कार ने अचानक से रफ्तार पकड ली और डीजे पर नाच रहे 16 लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे चिकित्सक ने जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। हालांकि इस हादसे में किसी ने कोई मामला दर्ज नहीं कराया है।

"जामुन का पेड़" नाटक 15 मार्च को

जयपुर। रंगशिल्प की ओर से रवींद्र मंच के संरक्षण और उसके महत्व को लेकर 15 मार्च को सायं 7 बजे रविंद्र मंच पर व्यंग्य नाटक 'जामुन का पेड़' का मंचन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यह नाटक प्रशासनिक व्यवस्थाओं और उनके कार्यकलापों पर तीखा व्यंग्य प्रस्तुत करता है।

साथ ही इसके माध्यम से रविंद्र मंच की वर्तमान स्थिति और राज्य सरकार की अनदेखी का मुद्दा भी उठाया जाएगा। रंगशिल्प का कहना है कि पर्याप्त बजट के अभाव में रविंद्र मंच की इमारत जर्जर होती जा रही है। सांस्कृतिक गतिविधियों में कमी और लोगों की घटती भागीदारी भी इसी का परिणाम है। रंगकर्मियों और विभिन्न सांस्कृतिक संस्थाओं ने समय-समय पर सरकार से रविंद्र मंच के रखरखाव के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराने की मांग की है। रंगशिल्प का उद्देश्य इस नाटक के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना है।

मां पन्नाधाय की प्रतिमा का अनावरण

जयपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गुलाबी नगरी जयपुर में आयोजित दो दिवसीय "शक्ति वंदन-भारत के स्व का अभिनंदन" महोत्सव नारी शक्ति, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक गौरव के अद्भुत संगम का साक्षी बना। कार्यक्रम में समाज, प्रशासन, कला और शिक्षा जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। महोत्सव के तहत आयोजित मां पन्नाधाय नारी शक्ति महोत्सव में राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम ने मां पन्नाधाय की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया।

उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि आज देश की महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, खेल और राजनीति सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं, जिनसे समाज में सकारात्मक परिवर्तन आया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय परंपरा में नारी को देवी का स्थान दिया गया है। महिला सशक्तिकरण केवल अधिकारों तक सीमित नहीं है, बल्कि आत्मविश्वास, शिक्षा और संस्कारों के माध्यम से समाज को दिशा देने की क्षमता भी है।

निवर्तमान महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने कहा कि यह महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण का उत्सव है। इसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं को मंच देकर अनुभव, संघर्ष और उपलब्धियों को साझा करने का अवसर दिया जा रहा है।

11 मार्च को मनाई जाएगी शीतलाष्टमी

जयपुर। हिंदू परंपरा में स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ा पर्व शीतलाष्टमी 11 मार्च (बुधवार) को श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस दिन शीतला माता की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि,आरोग्य और रोगों से रक्षा की कामना की जाती है। पर्व की विशेषता यह है कि माता को बासी पकवानों का भोग लगाया जाता है, जिसे स्थानीय भाषा में 'बासौड़ा' कहा जाता है।

पंडित महेन्द्र जोशी ने बताया कि शीतलाष्टमी हर वर्ष चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मनाई जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन शीतला माता को एक दिन पहले तैयार किए गए शीतल भोजन का भोग अर्पित किया जाता है। इस बार शीतला अष्टमी का पूजन मुहूर्त सुबह 6:03 बजे से शाम 5:56 बजे तक रहेगा। शीतलाष्टमी से एक दिन पहले सप्तमी को घरों में राबड़ी, दही, पुए, कांजी बडे, दही बडे, बेजड़, बाजरे की रोटी, पूड़ी-पकौडी, पंचकूटे का साग, कढी-चावल सहित कई प्रकार के पकवान बनाए जाते हैं। अष्टमी के दिन इन्हीं पकवानों का माता को भोग लगाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। कई स्थानों पर महिलाएं समूह में मंदिर जाकर पूजा-अर्चना करती हैं और परिवार की कुशलता की कामना करती है। पं. महेन्द्र जोशी के अनुसार शीतला माता की पूजा का धार्मिक के साथ स्वास्थ्य से भी संबंध है।

सेल्समैन से मारपीट करने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

आरोपी ने 27 फरवरी को सांगानेरी गेट स्थित आईसीटीएल नेक्सा शोरूम के सेल्समैन मोहित गुर्जर के साथ रंगदारी को लेकर मारपीट की थी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। लाल कोठी पुलिस टीम ने सेल्समैन से मारपीट कर रंगदारी वसूलने के मामले में एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लोहे का पाइप भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि 27 फरवरी 2026 को सांगानेरी गेट स्थित मिश्रा मार्केट में आईसीटीएल नेक्सा शोरूम के सेल्समैन मोहित गुर्जर के साथ रंगदारी को लेकर मारपीट की गई थी। हमले में सेल्समैन के दो-तीन दांत टूट गए और उसके शरीर पर गंभीर चोटें आई थी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल और अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर प्रथम मनीष अग्रवाल के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस

- **पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लोहे का पाइप बरामद किया**

ने तकनीकी साक्ष्यों और कडी मशक्कत के बाद आरोपी दानिश कुरैशी (32) निवासी रामगंज को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जयपुर उत्तर के रामगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर है और वारदात के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी दानिश के खिलाफ जयपुर आयुक्तालय क्षेत्र में मारपीट, अवैध वसूली और अवैध हथियारों से जुड़े करीब 16 मामले दर्ज हैं। थानाधिकारी प्रकाश राम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को उसके ठिकाने से दबोचा। इस कार्रवाई में कांस्टेबल अब्दुल आमीन की विशेष भूमिका रही। पुलिस आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

ईद की खरीदारी से गुलजार हुए बाजार

जयपुर। रमजान माह का पखवाड़ा बीतने के साथ ही राजधानी के बाजारों में ईद की खरीदारी शुरू हो गई है। रोजा और इफ्तार के बाद शाम ढलते ही परकोटे के बाजारों में चहल-पहल बढ़ने लगती है और देर रात तक खरीदार खरीदारी में जुटे रहते है।

ईद के मद्देनजर जयपुर का रामगंज बाजार पूरी तरह गुलजार नजर आ रहा है। यहां के साथ ही दर्डा मार्केट, चांदपोल बाजार, खजाने वालों का रास्ता और बड़ी चौपड़ क्षेत्र में भी खरीदारों की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। कपड़ों, जूतियों, क्रॉकरी और खाद्य पदार्थों की दुकानों पर सबसे ज्यादा रौनक है। व्यापारी अपनी दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाकर ग्राहकों को लुभाने में लगे हैं। परकोटे के अलावा शास्त्री नगर, झोटवाड़ा, हसनपुरा और अन्य मुस्लिम बहुल इलाकों से भी लोग ईद की खरीदारी के लिए रामगंज बाजार पहुंच रहे हैं। शाम से शुरू होने वाली भीड़ देर रात तक बनी रहती है। रामगंज बाजार के कपड़ा व्यापारियों का कहना है कि रमजान की शुरुआत से ही बाजार में अच्छी हलचल है और ग्राहकों का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। हालांकि पिछले साल की तुलना में फिलहाल बाजार थोड़ा धीमा है, लेकिन रमजान के अंतिम दिनों में खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है।

10 लाख के जेवरात व विदेशी मुद्रा बरामद

जयपुर (कासं)। कानोता थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इलाके में हुई नकबजनी की वारदात करने वाले तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 10 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और विदेशी मुद्रा बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि कानोता थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इलाके में हुई नकबजनी की वारदात करने वाले अजय सिंह उर्फ गोपी (34) निवासी जामडोली, अजय गुप्ता (27) निवासी सुमेल रोड जामडोली और सूरज प्रजापत (35) निवासी तीतरवाडा जिला दौसा (हाल जामडोली) को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे के आदी हैं और चोरी का माल बेचकर या गिरवी रखकर मिले पैसों को नशे में खर्च करते हैं। आरोपी अजय सिंह और अजय गुप्ता के खिलाफ पूर्व में सांगानेर, तूंगा और कानोता थानों में चोरी, किडनैपिंग और आबकारी अधिनियम के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने की चेन, अंगूठियां, चांदी के कड़े, पायजेब, चांदी की सिल्ली तथा

- **नकबजनी गिरोह के तीन बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े**

दुबई और रियाल की विदेशी मुद्रा बरामद की है। थानाधिकारी मुनीन्द्र सिंह ने बताया कि 14 जनवरी 2026 को परिवादी रमेश चंद बैरवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 जनवरी को वह अपने घर (आशियाना कॉलोनी) पर ताला लगाकर ससुराल गया था।

इसी दौरान अज्ञात बदमाश मकान का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और सोने की अंगूठियां, चेन, कुंडल, करीब 750 ग्राम चांदी के कड़े, चांदी की ईंट, सिक्के, गुल्लक में रखी नकदी तथा करीब 700 दुबई दिरहम की विदेशी मुद्रा चोरी कर ले गए। इस घटना के खुलासे के लिए विशेष टीम का गठन किया गया।

टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी साधनों की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई और बरामदगी में हेड कांस्टेबल दिलीप सिंह की विशेष भूमिका रही।

सार-समाचार

अर्बना रेजीडेंसी में क्लीनिक का शुभारंभ

जयपुर। राजस्थान हॉस्पिटल की ओर से रविवार को मुहाना रोड स्थित अर्बना रेजीडेंसी में आरएचएल सहारा क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन राजस्थान हॉस्पिटल के अध्यक्ष डॉक्टर एस.एस.अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेंद्र भार्गव मौजूद रहे। गौरतलब है कि जे.एल.एन. मार्ग पर स्थित यह 650 बेडेड राजस्थान हॉस्पिटल प्रोजेक्ट, जिसमें वर्तमान में 350 बेड संचालित हैं। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान हॉस्पिटल केवल एक अस्पताल नहीं बल्कि एक हीलिंग होम है। यहाँ विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ आईसीयू कैथ लैब पेटसिटी, एमआरआई और लिनियर एक्सीलरेटर जैसी अत्याधुनिक सुविधाएँ एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। कार्यक्रम में अर्बनना रेजिडेंसी के पदाधिकारी अध्यक्ष सुखविंदर सिंह मांकू, सचिव ललित किशोर पांडेय, उपाध्यक्ष चित्रा भार्गव और कोषाध्यक्ष पियूष माथुर सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

पांच बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े

जयपुर। ब्रह्मपुरी पुलिस ने विशेष अभियान के तहत मादक पदार्थ, अवैध हथियार और सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार प्रकरण दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार, चोरी की स्कूटी, चरस और जुआ-सट्टा राशि बरामद की है। पुलिस उपायुक्त (जयपुर उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के निर्देश के बाद अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीरज पाठक व सहायक पुलिस आयुक्त (आमेर) सुरेन्द्र सिंह राणावत के निर्देशन में थानाधिकारी हेमन्त जनागल के नेतृत्व में टीमों ने यह कार्रवाई की। कार्रवाई के तहत राजीव पुरी कॉलोनी निवासी राजेन्द्र कुमार शर्मा उर्फ राजू पिकअप (33) को अवैध धारदार कटार और मानसरोवर क्षेत्र से चोरी हुई होंडा एक्टिवा के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं रामगंज निवासी मोहम्मद यासर खान (33) को 19 ग्राम अवैध चरस के साथ पकड़ा गया, जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा जमवारामगढ निवासी महेन्द्र कुमार बुनकर (28) को सट्टे की खाईवाली करते हुए उपकरण व नकदी के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं चंदवाजी निवासी शौकत अली और जितेन्द्र मीणा को ताश के पत्तों पर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर जुआ राशि जब्त की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विजया रहाटकर आज लेंगी बैठक

जयपुर। महिलाओं की सुरक्षा और उनसे जुड़े मामलों की प्रभावी निगरानी को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर सोमवार को पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक लेंगीं। यह महत्वपूर्ण बैठक दोपहर एक बजे आयोजित होगी। जिसमें पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस बैठक में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को अवार्ड्स और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

'फेफड़ों की बीमारियों का पता लगाने के लिए सटीक जांच जरूरी'

आंच ब्रीथकॉन 2026 में विशेषज्ञों ने कहा कि "इंटरस्टिशियल लंग डिजीज, टीबी और सी.ओ.पी.डी जैसी बीमारियों में खांसी, सांस फूलना और सीने में जकड़न के लक्षण समान, इसलिए सही जांच से ही निदान संभव"

आंच ब्रीथकॉन-2026 कार्यशाला में विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए।

जयपुर। फेफड़ों की कई बीमारियों के लक्षण एक-दूसरे से मिलते-जुलते होने के कारण कई बार सही बीमारी की पहचान में कठिनाई होती है। यह विचार रविवार को जयपुर में चल रहे आंच ब्रीथकॉन 2026 में विशेषज्ञों ने रखे।

वरिष्ठ चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. एम. के. गुप्ता ने बताया कि इंटरस्टिशियल लंग डिजीज (आई.एल.डी), टीबी और सी.ओ.पी.डी जैसी बीमारियों में खांसी, सांस फूलना और सीने में जकड़न जैसे लक्षण समान हो सकते हैं, इसलिए सही जांच के माध्यम से ही इनका सटीक निदान संभव है।

उन्होंने बताया कि कई मरीज लंबे समय तक खांसी और सांस फूलने की समस्या को सामान्य समझकर इलाज लेते रहते हैं, जबकि वास्तव में उन्हें किसी अन्य प्रकार की फेफड़ों की बीमारी हो सकती है। ऐसे मामलों में एचआरसीटी स्कैन, फेफड़ों की कार्यक्षमता जांच (स्पाइरोमेट्री और डी एल सी ओ) तथा अन्य आधुनिक परीक्षणों की मदद से बीमारी की सही पहचान की जा सकती है।

विशेषज्ञों ने कहा कि आज के समय में प्रदूषण, धूल और पर्यावरणीय कारणों के चलते फेफड़ों की बीमारियों के मामलों में वृद्धि हो रही है। इसलिए यदि किसी व्यक्ति को लंबे समय तक खांसी, सांस फूलना या थकान की समस्या बनी रहे तो उसे विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेकर उचित जांच करवानी चाहिए।

आंच ब्रीथकॉन 2026 के तहत आयोजित वैज्ञानिक कार्यक्रम में देश के कई विशेषज्ञ फेफड़ों की जटिल बीमारियों पर अपने अनुभव साझा करेंगे। डॉ. राजकुमार इंटरस्टिशियल लंग डिजीज के आधुनिक निदान और उपचार के बारे में जानकारी देंगे, जबकि डॉ. साहजल सारकॉइडोसिस सहित अन्य जटिल फेफड़ों की बीमारियों के प्रबंधन पर अपने विचार साझा करेंगे। डॉ. गुप्ता ने कहा कि सही समय पर सही निदान और उपचार से मरीजों को बेहतर जीवन गुणवत्ता दी जा सकती है। फेफड़ों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

ARBiT
it happens here...

Honouring Shared Heritage: Commonwealth Day

Commonwealth Day, observed annually on the second Monday of March, celebrates the unity, diversity, and shared values of the 54 member nations of the Commonwealth. The day highlights collaboration in areas like democracy, development, education, and human rights, while fostering a sense of global community. Originating from Empire Day in the early 20th century, Commonwealth Day has evolved into a platform for cultural exchange, dialogue, and mutual respect among nations spanning six continents. Through events, ceremonies, and educational initiatives, it reminds citizens of the importance of international cooperation, collective progress, and the enduring bonds that connect the Commonwealth family.

राष्ट्रदूत
MONDAY
09 March 2026
A-B

#DO-DON'T

Ladies Don't Walk Alone!

Social Etiquette from the Past That Would Shock You Today



Throughout history, social norms and etiquette have played a critical role in shaping the way societies function. While many of these customs were deeply rooted in culture and class distinctions, some would seem downright shocking and impractical to us today. In earlier centuries, rigid social rules governed nearly every aspect of life, what people wore, how they behaved, who they could speak to, and even how they walked! Here are some old social etiquette rules that would undoubtedly shock you if they were still in practice today.

1. Ladies Must Not Walk Alone

In past centuries, especially in the 18th and 19th centuries, it was considered improper for women to walk alone in public. This was due to concerns about a woman's safety, reputation, and the preservation of her modesty. Women were expected to always be accompanied by a chaperone, usually a family member or an older woman, when they ventured outside, especially in public spaces like parks, streets, or even at social gatherings.

The reasoning behind this was twofold: first, it was believed that a woman walking alone was an easy target for unwanted attention or even assault, and second, it was feared that being seen alone would harm her reputation and suggest she was of questionable character.

2. Don't Speak to a Stranger Without Introduction

In earlier centuries, particularly in European aristocratic circles, speaking to a stranger without proper introduction was considered a breach of decorum. Social hierarchy and class divisions were rigidly enforced, and the idea of 'rank' was important. In formal settings, it was essential that an individual be introduced by a mutual acquaintance or someone of higher social standing before a conversation could commence.

This etiquette was meant to preserve the boundaries of social class and status. For example, a noblewoman would never speak to a commoner without prior introduction, and conversing with someone of a different social rank could be seen as overstepping one's position.

3. Cover Mirrors When Mourning

In Victorian England, it was customary for households in mourning to cover mirrors in the house. This bizarre practice was linked to superstition, grief, and the belief that mirrors could trap the soul. The Victorians held a deep fear of the afterlife and the possibility of souls becoming trapped in mirrors, so when someone passed away, it was believed that covering the mirrors would prevent the deceased's spirit from becoming confused or trapped.

4. Don't Cross Your Legs (Especially for Women)

In the past, crossing your legs, particularly for women, was considered a highly improper act. During the 18th and 19th centuries, the notion of 'ladylike' behaviour was tied to modesty, and one of the ways women were expected to demonstrate their refinement was by sitting with their feet flat on the floor or crossed at the ankles, never at the knees.

Crossing your legs at the knee was considered vulgar or indecorous because it exposed the legs in a way that was deemed inappropriate for women.

As society has evolved, so too have the norms and etiquette that govern how we interact with one another. While many of these past practices may seem outdated or overly restrictive, they were reflective of the times in which they were adopted.

Front gate at Sadras.

Life and Death in the Dutch Fort at Sadras

In 2003, the Archaeological Survey of India completed a detailed study of Fort Sadras and reconstructed some of its buildings. The compound includes a well, a kitchen, rooms with arched windows and floors made of square, rectangular and hexagonal bricks. The fort also had an underground drainage system. During the archeological digs, hundreds of fragments of artefacts were found. Earthenware and porcelain are often well preserved even in the most extreme environmental conditions. Archaeological findings show that the inhabitants of Sadras used beautiful delftware decorated with Dutchmen wearing hats, tents pitched in Holland, and coats of arms. Porcelain from China and pottery from England and Germany were also found, as well as Dutch clay pipes and glass jars with residues of white arrack.



The tomb of Ammarentia Blockhovius and her son Petrus Hemsinck.

Kshema Jatuhkarna

Once a thriving Dutch colony, Sadras is an obscure town lost in the annals of history. Today, the echoes of its captivating past linger amidst the scattered ruins of Sadras Fort, where the legends of a ghostly Dutchman abound. Here is its story.

Everyone knows that Madras was the old name of Chennai, but have you ever heard of a place called 'Sadras?' Today, it is an obscure town, but 400 years ago, it was a very different place.

Sadras is midway between Madras and Pondicherry on the very same coast. In the 17th and 18th centuries, its claim to fame was precisely that, it was a Dutch colony, smack in the middle of a prosperous trade zone between British Madras and French Pondicherry.

Today, Sadras is a sleepy coastal village in Tamil Nadu, 40 miles south of Chennai. Tourists heading 10 miles north to visit the ancient temples of Mamallapuram might easily miss it. Just over a mile away is Kalpakkam, the site of the Madras Atomic Power Station. Between modern and ancient India, Sadras and its fort bear testimony to the role that this coast had in global trade, most especially in the seventeenth and eighteenth centuries.

